कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

वन भवन–1, हजारीबाग 825301 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (O) - 06546 -222393, Cell No. : 8987790202 E-mail: cf-hazaribagh@gov.in

पत्रांक 13-E-5-12/2019:– 1960 दिनांक :– 28/8/2020

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल।

विषय :– एन0टी0पी0सी0 लिमिटेड के पकरीबरवाडीह कोल खनन उत्तरी पश्चिमी परियोजना हेतु 331.198 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग:– इस कार्यालय का पत्रांक 1173 दिनांक 01.06.2020 एवं आपका पत्रांक 2766 दिनांक 21.08.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयक परियोजना में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग द्वारा प्रस्ताव की समीक्षा के क्रम में दिए गए निर्देश का अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। उपरोक्त के संबंध में निम्नलिखित बिन्दुओ पर स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित करें।

1. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा संशोधित वृक्ष गणना सूची समर्पित किया गया है, जिसमें पातन होने वाले वृक्षों की संख्या 49053 से कम कर 30521 किया गया है। परंतु ऑनलाईन पार्ट–2 में अभी भी पातन होने वाले वृक्षों की संख्या 49053 परिलक्षित हो रहा है, जिसे सुधार करना आवश्यक है।
2. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग द्वारा आपको Recommendation करने के कारण बताने हेतु निदेशित किया गया था, जिसके आलोक में आपने अपना Recommendation Forwarding letter में अंकित कर समर्पित कया है। इस संबंध में सूचित करना है कि आपका Recommendation ऑनलाईन पार्ट–2 में अंकित होना अनिवार्य है, जो नहीं किया गया है।
3. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा Biodiversity conservation, Water conservation, Soil conservation, Integrated Wildlife Management Plan (Specific plan based on NKCP) का Plan एवं Environmental clearance के संबंध में वचनबद्धता प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है, परंतु उक्त वचनबद्धता पर आपका हस्ताक्षर एवं नाम वाला मुहर अंकित नहीं है।
4. प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रस्ताव के साथ संलग्न सभी पृष्टों पर पृष्ट संख्या अंकित होना अनिवार्य है तथा प्रस्ताव के साथ एक चेकलिस्ट होना चाहिए जिसमें क्रमांक, विषय, पृष्ठ संख्या तथा Annexure संख्या अंकित हो एवं उस चेक लिस्ट पर संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी के नाम वाले मुहर के साथ उनका हस्ताक्षर एवं तिथि अंकित होना चाहिए। जो संलग्न नही है।

अतएव आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव की मूल आठ प्रति एवं Online प्रस्ताव इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए निदेशित करना है कि उक्त बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करते हुए संशोधित प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित करें।

अनुलग्नक–यथोक्त

आपका विश्वासी

वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग
28.08.2020

D:\CFH\F.C. Act\NTPC pakaribarwadih coal block 331.198 ha\13-5-12-2019.docx